उत्तर प्रदेश में मारे गए लोग

1886. **श्री जनार्दन यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन के दौरान 1 जनवरी, से 30 जनवरी 1997 तक 355 लोग मारे गए थे और यह संख्या उन हत्याओं की संख्या से अधिक है जो एक माह की अवधि के अन्दर पंजाब एवं जम्मू और कश्मीर में हुई थीं,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है, और

(ग) सरकार ने इस प्रकार की हत्याओं की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहम्मद मकबूल डार) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है अऔर सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

Land-Grabbing Rackets in AMU Campus

1887. SHRI AMAR SINGH: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Governmentare aware that land-grabbing rackets have been flourishing in the campus of Aligarh Muslim University;

(b) whether it is a fact that recently a more sophisticated and organised brand of criminals arrived in the crime scenario at the University; and if so, the action Government propose to take to clear the campus from these criminals?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI MOHD. MAQBOOL DAR): (a) and (b) Facts are being ascertained and a report will be laid on the Table of the House.

"कास्ट प्लस शिपिंग बिल्स" शीर्षक से तैयार की गई रिपोर्ट

1888. **श्रीमनभाई हरीभाई शुक्ला** : क्यश जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार डा0 केलकर द्वारा तैयार "कास्ट प्लस शिपिंग बिल्स"शीर्षक से तैयार की गई

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएं क्या हैं, और इसकी वर्तमान स्थिति क्या हैं,

(ग) क्या मंत्रीमंडलीय समिति ने इस रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान कर दी है ;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण है, और

(ड.) उपर्युक्त रिपोर्ट कब तक जारी कर दिये जाने की संभावना है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी0 जी0 वेंकटरामन) : (क) से (ड.) सूचना एकत्र की जा रही है और राज्य सभा पटल पर रखी दी जाएगी।।

केन्द्रीय सड़क निधि से उत्तर प्रदेश को आवंटित धनराशी

1889. **श्रभ्मती मालती शर्मा** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सड़क निधि से उत्तर प्रदेश आबंटित की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है,

(ख) 1997-98 के दौरान कितनी धनराशि आबंटित किये जाने की संभावना है,

(ग) क्या इस प्रकार का आबंटन करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है,और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी0 जी0 वेंकटरामन) : (क) पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राज्य को केन्द्रीय सड़क निधि (सी आर एफ) से किया गगया आबंटन इस प्रकार है:-

वर्ष	राशि (लाख रू0)
1994-95	157.00
1995-96	111.00
1996-97	173.00

(ख)1997-98 के दौरान राज्य को जारी की जाने वाली प्रस्तावित निधियों की जानकारी देना अभी संभव नहीं है।

(ग) और (घ) केन्द्रीय सड़क निधि से निधियों का आबंटन विभिन्न राज्यों की जमा राशि, स्वीकृत स्कीमों और वित्त मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई निधियों को ध्यान में रखते हुए एकमुश्त आधर पर किया जाता है।

पंजाब में राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने पुलों की खस्ता हालत

1890. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण :** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो पर बने कुल कितने पुल पिछले पांच वर्षो के दौरान वर्ष- वार टूटे हैं या नाजुक स्थिति में है,

(ग) उनमें से कितने पुलों की मरम्मत कर दी गयी है और शेष पुलों की मरम्मत कब तक कर दी जायेगी, और

(ग) वर्ष 1995-96 और 1996-97 के लिए इस कार्य्र हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गयी और उसमें से कितनी धनराशि खर्च कर दी गयी है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी0 जी0 वेंकटरामन) : (क) और (ख) वर्ष 1993-94 के दौरान राष्ट्रीय रासजमार्ग-1 पर एक पुल बाढ़ में यह गया था जिसका पुननिर्माण कर दिया गया है। इसके अलावा गत पांच वर्षो के दौरान 20 पुलों में मामूली टूट-फूट भी देखी गई जिनमें से 14पुलों की मरम्मत कर दी गई है और शेष पूलों की मरम्मत कर दी गई है और शेष पुलों की मरम्मत दिसम्बर, 1997 तक कर दिए जाने का लक्ष्य है।

(ग) पंजाब राज्य को पुलों सहित रख-रखाव और मरम्मत के लिए आबंटित समग्र राशि और व्यय इस प्रकार ह:-

(लाख रू0)

वर्ष	रख-रखाव एवं मरम्मत	व्यय
1995-96	770.72	957.71
1996-97	1000.13	561.13
	(12/96 तक)	(1/97 तक)

World Bank Loan for Road Prov Andhra Pradesh

1891. DR. Y. LAKSHMI PRASAD. Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether certain proposals for road projects in Andhra Pradesh for World Bank loan are pending with the Central Government;

(b) if so, the details of these .proposals and funds required therefor;

(c) whether there is any proposal for execution of these projects by Private Sector under BOLD Scheme; and

(d) if so, details of the scheme drawn up in this regard?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) and (b) Government of Andhra Pradesh have proposed loan assistance from the World Bank in respect of improvement of about 1400 kms of State Roads costing about Rs. 1400 crores, to .be taken up in phases. These are under discussions with the World Bank.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.